वार्षिक पत्रिका - 2020

हंस

हंसराज कॉलेज

दिल्ली विश्वविद्यालय



MAHATMA HANSRAJ

(1864-1938)

The College was founded to preserve the memory of Mahatma Hansraj, acknowledged as the founding father of the D.A.V. movement in undivided India. Frail in body but heroic in sprit, Mahatmaji was selflessly dedicated to the course of education. He started his career as the Honorary Founder Headmaster of D.A.V. School, Lahore, in 1886 and over the next 50 years went on to shape the destiny of the D.A.V. movement in India.

प्रकाशन समिति

- डॉ. विजय कुमार मिश्र
- डॉ. प्राची देवरी
- डॉ. मुकुंद माधव मिश्र
- सुश्री रूचि शर्मा

समन्वयक

- श्री सुशील कुमार गुप्ता
  (प्रशासनिक अधिकारी)
- श्री अमित चौहान
  (वरिष्ठ सहायक)

संदेश

प्रो. रमा

प्राचार्या

'हंस' हंसराज कॉलेज की बहुभाषी वार्षिक पत्रिका है। इसमें हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषा की रचनाएँ प्रकाशित की जाती हैं। कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से हंसराज कॉलेज परिवार के सदस्यों की रचनात्मकता को सामने लाने की दृष्टि से यह बेहद महत्त्वपूर्ण है। अब तक की यात्रा में 'हंस' निरतंर प्रगति की ओर अग्रसर है। 'हंस' कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ ही रचनात्मक लेखन में रूचि रखने वाले प्राध्यापकों के लिए भी एक बड़ा मंच है। इसमें छात्र और प्राध्यापक दोनों की रचनात्मकता एक साथ उद्घाटित होती है। इसके माध्यम से नए लिखने वालों को एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म तो मिलता ही है साथ ही निरंतर लेखन की विशिष्ट प्रेरणा भी मिलती है।

कॉलेज के दिनों में 'हंस' में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों में से कई लोग आज साहित्य, सिनेमा, मीडिया, कला आदि क्षेत्रों में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। ये सभी आज अपने अपने क्षेत्र में जिस चोटी पर खड़े हैं उसके मूल में हंसराज कॉलेज और 'हंस' पत्रिका का विशेष योगदान है।

इस वर्ष अपने परम्परागत स्वरुप और नए भावबोध के साथ 'हंस' आपके सामने है। इस वर्ष का यह 'हंस' कोरोना संक्रमण के दौर में आए ठहराव के बीच भी रचनात्मकता को बनाए और बचाए रखने की दिशा में निरंतर सक्रियता के साथ काम करते रहने के हमारे संकल्प का प्रतिबिम्ब है। इस वर्ष भी अनेक महत्त्वपूर्ण रचनाओं से युक्त 'हंस' बेहद खास है। इसमें प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। उम्मीद करती हूँ कि आने वाले दिनों और वर्षों में ये सभी अपने लेखन से समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने में समर्थ होंगे।

इस वर्ष के 'हंस' के संपादक मंडल को भी मैं हृदय से बधाई देती हूँ। अंत में मैं संपादक मंडल के सभी सदस्यों और सभी रचनाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

सम्पादकीय

डॉ. विजय कुमार मिश्र

हंसराज कॉलेज की लंबी और गौरवशाली यात्रा के क्रम में हमारी वार्षिक पत्रिका 'हंस' का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से देश-दुनिया के सम्बन्ध में हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुभव, दृष्टिकोण और संवेदनाएँ विविध साहित्यिक विधाओं के माध्यम से प्रकाशित होती रही हैं। उनकी भावनाओं, विचारों, रचनात्मकता आदि के प्रकटीकरण का एक बेहद उम्दा प्लेटफॉर्म है 'हंस'। इसके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्र आदि के माध्यम से भी उनके भाव को विस्तार मिला है। कक्षाओं की औपचारिक शिक्षा प्रणाली और नियमित पाठ्यक्रम के मध्य इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

संपादक मंडल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, चित्र, फ़ोटोग्राफ आदि के माध्यम से 'हंस' के इस अंक में आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें प्रकशित हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृति तीनों भाषाओं की रचनाएं हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों की भाषाई और रचनात्मक विविधता का द्योतक है।

रचनाएं आमंत्रित करने से लेकर, उनके चयन, प्रूफ और संपादन आदि की दृष्टि से संपादक मंडल के सदस्यों ने जो श्रमसाध्य कार्य किया है खासकर कोरोना संक्रमण के इस दौर में वह अभिनंदनीय है। 'हंस' का प्रकाशन हमारे संपादक मंडल के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। ऐसे सभी लोगों का हृदय की गहराईयों से आभार। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने हमेशा की तरह इस बार भी समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से इस अंक को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए प्राचार्या मैम का विशेष धन्यवाद।

आशा है 'हंस' का यह अंक आप लोगों को पसंद आएगा और आपकी रचनात्मक संतुष्टि की दृष्टि से भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

हिन्दी खंड

सम्पादक मंडल

डॉ. नीतू शर्मा

डॉ. महेंद्र प्रजापति

छात्र-सम्पादक

नितेश मिश्र

विषयानुक्रमणिका

1. पुस्तक समीक्षा/ माँ की आकांक्षा – डॉ. नीतू शर्मा 9
2. सह अस्तित्व के लिए आवश्यक शर्त – बहुसंस्कृतिवाद – सुयश दीक्षित 11
3. आधुनिक साहित्य की भूमिका – अनिल श्रीवास्तव 13
4. धूमिल : कल और आज – शैलेन्द्र गुप्ता 14
5. प्रेम – आशुतोष चौबे 15
6. दृश्य चिंतन –अमन प्रताप सिंह 15
7. प्रेमिका के प्रेम पत्र – सार्थक दूबे 15
8. फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी। - केशव 16
9. खुशी – श्री कृष्णा यादव 18
10. पूर्णता – नीतेश प्रज्ञान 18
11. मानवता या प्रदर्शन - श्री कृष्णा यादव 18
12. अतीत – अंतरिक्ष श्रीवास्तव 19
13. मेरी आशाएं – मिनल ठवरे 19
14. माँ तुम बहुत याद आती हो – हर्षिता अग्रवाल 20
15. हक़ीक़त – प्रज्ञा 'गंभीर' 21
16. हिंदगी है जिंदगी – नीतेश कुमार पांडेय 22
17. कौन हूँ मैं? – नीतेश कुमार पांडेय 23
18. धर्म – ऋषभ शर्मा 24
19. नारी की पूजा – कीर्ति कश्यप 24
20. राजनीति – कीर्ति कश्यप 25
21. यहाँ सब कुछ बिकता है। - राम प्रवीश कुमार 25
22. हिंसा – पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह 26
23. डर लगता है - कुमार मंगलम 26
24. बढ़ती शिक्षा की भरपाई – शैलेन्द्र गुप्ता 27

पुस्तक समीक्षा : माँ की आकांक्षा

डॉ. नीतू शर्मा
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

भारतीय साहित्य में विक्रम सेठ लोकप्रिय व्यक्तित्व रहा है। इनका सम्बन्ध मूल रूप से कलकत्ता से रहा है। 21 वीं शती के जाने माने उपन्यासकार हैं। 'ए सुटेबल ब्वाय' 1993 में मूल रूप में अंग्रेजी में लिखा गया जिसे बाद में हिन्दी में अनुवादित भी किया गया। सन् 1994 में इस कृति पर उनको 'कामनवैल्थ राइटर्स प्राइज़' और 'डब्ल्यू. एच. स्मिथ लिटरेरी अवार्ड' भी प्राप्त हुआ। वर्ष 2006 में उनको प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया जो कि मिनिस्ट्री आफ़ ओवसीज़ इण्डिया की तरफ से होता है। 'कोई अच्छा सा लड़का' उपन्यास 'ए सुटेबल ब्वाय' का हिन्दी अनुवाद है। यह भारतीय पृष्ठभूमि पर आधारित विश्व प्रसिद्ध उपन्यास है। जिसमें एक भारतीय माँ रूपा मेहरा की अपनी बेटी लता के विवाह के लिए किसी अच्छे लड़के की तलाश की जाती है। इसके साथ-साथ यह कहानी उस समस्त भारतीय परिप्रेक्ष्य को उजागर करती है जो कि अभी नया नया स्वधीन हुआ है और संक्रमण काल से गुजर रहा है। ऐसे समय में जब जमीदारों के भाग्य का सितारा डूब रहा था और संगीतज्ञों और दरबारी रचनाकारों को संरक्षण मिल रहा था। देहातों में अकाल के बादल छाए हुए थे और पहले आम चुनाव से राजनीतिक ताकतों का ढांचा बदलने जा रहा था।

हिन्दू धर्मग्रंथों में समाज का विभाजन 'हिन्दू धर्मग्रंथों' के आधार पर चार वर्णों में किया जाता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। आज इस रूप में जाति व्यवस्था को देखा जाता है और भारतीय समाज की यह कड़वी सच्चाई भी है कि समाज में रहने वाले व्यक्ति जाति, धर्म, संपत्ति आदि के कारण अपने को सर्वोच्च सिद्ध करना चाहते हैं यह वर्ण व्यवस्था भारतीय भूमि को आंतरिक रूप से खोखला कर रही है। यही कारण है कि समाज में रहने वाले व्यक्ति दलित व घृणित समझी जाने वाली जातियों में विवाह संबंध स्थापित नहीं करना चाहते। प्रस्तुत उपन्यास में पुष्पा मेहरा भी ऐसे समाज में रहने वाली एक साधारण महिला है जिसके अनुसार यदि उसकी पुत्री का विवाह किसी अन्य जाति व धर्म के व्यक्ति से होता है तो भविष्य में वह सुखी जीवन व्यतीत नहीं कर पायेगी। यहां मेहरा परिवार, कपूर परिवार, चटर्जी परिवार और खान परिवार के माध्यम से समाज के जाति सरंचना को बताया जाता है परंतु यहां ज्ञात होने अनिवार्य हैं कि व्यक्ति अपनी जाति से नहीं कर्म से उच्च एवं नीच समझा जाना चाहिए। जिसका कपूर परिवार प्रमुख उदाहरण है। जिसमें एक स्थानीय नेता और उसका आर्कषक किंतु लम्पट पुत्र शामिल है जो कि एक गायिका सईदा बाई फ़िरोज़ाबाद के इश्क़ में पागल हो चुका है।

साधारण तौर पर भारत नाम लेने से ही लोगों को इसकी विशालता का भान हो जाता है कि इस विशाल भूमि भाग में अनेक धर्मो के लोग रहते हैं जैसे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी आदि। मुख्य रूप से हिन्दू तथा मुस्लिम धर्म के अनुयायियों की आबादी अन्य धर्मों से अधिक है। इन दोनों में आपस में एक-दूसरे के धर्म को नीचा दिखाने की होड़ सी लगी रहती है यह दृष्टिकोण भारतीय अनेकता में एकता के सिद्धांत को कमजोर बनाती है। भारत में हिन्दू-मुस्लिम दंगे कहीं न कहीं भारत-पाक विभाजन और अंग्रेजों की फूट डालो और शासन करो की नीति का ही दुष्परिणाम हैं क्योंकि आये दिन हिन्दू-मुस्लिम दंगे यहाँ होते रहते हैं और ये सभी धर्म इनकी राजीनीतिक साजिशों का शिकार भी हो रहे हैं । ऐसी परिस्थितियों में एक हिन्दू लड़की का विवाह एक मुस्लिम लड़के के साथ होना अपने आप में एक आश्चर्यजनक घटना होगी क्योंकि रूढ़िवादी विचारधारा आज व्यक्तियों के मन में घर किये हुए है।

चूंकि सन्तान माँ का अभिन्न अंग होती है और माँ के माध्यम से एक ही बच्चा दुनिया में जन्म लेता है इसलिए कोई भी बच्चा माँ के सबसे अधिक करीब होता है। वह उसका पालन पोषण करती है उसमें मानव समाज के प्रति समझ पैदा करवाती है। उसे एक श्रेष्ठ और जागरूक नागरिक बनाती है। बच्चे के तमाम सुख-दुःख में सहयोगी उसके कष्टों को दूर करने वाली केवल और केवल माँ होती है 'कोई अच्छा लड़का' में पुष्पा मेहरा भी एक ऐसी माँ की भूमिका अदा करती है जो अपनी पुत्री के लिए सुयोग्य वर की तलाश में लगी हुई है ताकि उसकी पुत्री का भविष्य जिसके भी साथ जुड़ा हो उज्ज्वल बना रहे। माँ की यह चिंता अपनी पुत्री के लिए जायज है।

सामान्यतः प्रेम में मनुष्य यह नहीं देख पाता कि किस व्यक्ति से, कैसे व्यक्ति से, किस स्थान पर, किस धर्म के, किस जाति के व्यक्ति से उसे प्रेम हो रहा है क्योंकि लता के हृदय में कबीर के प्रति जब प्रेम का अंकुरण फूटता है तो उसे ज्ञात नहीं हो पाता कि वह किस धर्म के मनुष्य की ओर आकर्षित हो रही है ऐसी ही परिस्थिति कबीर की भी समझी जा सकती है आगे चलकर जब लता को ज्ञात होता है कि कबीर एक मुस्लिम लड़का है तो वह चाहते हुए भी उससे दूरी नहीं बना पाती क्योंकि उसके हृदय में कबीर के लिए पहली तथा दूसरी मुलाकात में जो प्रेम की लहरें उमड़ी थीं वह अब सागर में परिवर्तित हो चुकी हैं अर्थात उनका पवित्र प्रेम सागर की अथाह गहराईयों में समा चुका है। प्रस्तुत उपन्यास में लता औऱ कबीर की मनोव्यथा का मार्मिक चित्रण हुआ है–

"प्रेम के पुजारी को मंदिर व मस्जिद नहीं चाहिए, बस गंगा जमुना जैसा मिलन होना चाहिए।"

इस उपन्यास में यदि पुष्पा मेहरा के व्यक्तित्व को देखा जाए तो उसे एक विधवा माँ के रूप में चित्रित किया गया है जो कि अपनी पुत्री के लिए सुयोग्य वर की तलाश कर रही है। उसका मानना है कि पुत्री के लिए योग्य वर समान जाति तथा उच्च खानदान वाला होना चाहिए। जिस घर में उसकी बेटी का भविष्य सुनहरा व सुरक्षित बना रहे।

हास्य व्यंग्य की छटा भी कथाकृति में तब विशेष उल्लेखनीय हो जाती है जब लता की सबसे प्रिय सहेली मालती उसके साथ मज़ाक करती है कि लता जिस लड़के को प्यार करती है मालती उसे उबला आलू कहकर बुलाती है परंतु दूसरी तरफ वह लता के मुख के भाव भंगिमा को भी अच्छी तरह समझ लेती है और तबउसे (मालती) को उनके (लता एवं कबीर) के प्रेम सम्बन्धों के बारे में पता चलता है तो लता को सत्य बोलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। फिर लता (कबीर) उस लड़के से हुई मुलाकात का गुलमोहर के वृक्ष के नीचे जिक्र करती है।

लता इस कृति में एक हिन्दू परिवार से सम्बन्ध रखती है। वह पुष्पा मेहरा की बेटी है। लता शांत स्वभाव किन्तु छोटी – छोटी घटनाओं से भयभीत होनेवाली और अपनी माँ (पुष्पा मेहरा) से अत्यधिक स्नेह रखने वाली भारतीय लड़की है। जिसको इस व्यक्ति पसन्द आता है जिससे उसकी आंखें सर्वप्रथम बार 'इम्पीरियल बुक डिपो' पर मिली थी और यह कहानी धीरे-धीरे आगे बढ़ती जाती है। चूंकि लता को एक मुस्लिम लड़के (कबीर) से प्रेम हो जाता है इसलिए उसके लिए वही सूटेबल ब्वॉय अर्थात् अच्छा सा लड़का या श्रेष्ठ लड़के का पर्याय बन जाता है।

'कोई अच्छा सा लड़का' औपन्यासिक कृति में कबीर एक मात्र ऐसे पात्र के रूप में हमारे सामने आता है जिसका सम्बन्ध एक मुस्लिम (खान) परिवार से है। वह बेहद चंचल और अवसर का लाभ उठाना भली-भांति जानता है क्योंकि उपर्युक्त रचना में जिस समय लता परीक्षा से उदास होकर अकेले समय काट रही होती है तभी कबीर अपने दोस्तों से नजरें बचा कर तथा मौके का लाभ उठा कर लता से बातचीत करके उसकी पीड़ा को कम करने की कोशिश करता है और किसी सीमा तक वह सफल भी हो जाता है परंतु वास्तविकता यहां यह भी है वह मन ही मन लता को पसंद भी करता है।

यदि इस उपन्यास की भाषा शैली को देखा जाए तो वह सरल, सहज, सुबोध, प्रसंग एवं भावानुकूल है जिसमें हिन्दी, उर्दू, अरबी, फ़ारसी के शब्दों के अतिरिक्त प्रचुर मात्रा में प्रादेशिक शब्दवाली का प्रयोग मूल विषय वस्तु के अनुरूप हुआ है। यहां सामाजिक कुरूतियों पर करारा व्यंग्य दृष्टिगोचर होता है। इसमें युवावस्था में प्रेम की चर्मोत्कर्ष स्थिति से भी हमें परिचित कराया गया है। यहाँ विक्रम जी ने मूल रूप से संतान खास तौर पर बेटी के भविष्य को लेकर एक भारतीय मां की चिंता का उद्घाटन किया है।

सारांशतः साम्प्रदायिकता, भूमि सुधार आंदोलन, जमीदारों और रजवाड़ो का पतन, अकादमिक गतिविधियां और भिन्न भिन्न परिवारों के टूटते आंतरिक संबंध जैसे अनेक चर्चित मुद्दों को इस उपन्यास में उठाया गया है। वास्तव में 'कोई अच्छा सा लड़का' के माध्यम से समलैंगिक संबंधों का भी स्पष्ट रेखांकन हुआ है चूंकि समान आयु के लड़के – लड़की का अथवा एक समान आयु की लड़की – लड़के या दोनों का एक दूसरे के प्रति आकर्षण होना स्वाभाविक है और यहाँ उसका प्रभावशाली वर्णन हुआ है।

कोई अच्छा सा लड़का (उपन्यास) : विक्रम सेठ
अनुवादक : भोपाल गांधी
प्रकाशन : वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
प्रकाशन वर्ष : 2008

सह अस्तित्व के लिए आवश्यक शर्त – बहुसंस्कृतिवाद

सुयश दीक्षित
परा स्नातक (उत्तरार्द्ध)

"ये पूरब-पश्चिम मेरी आत्मा के ताने-बाने हैं। मैंने एशिया की सतरंगी किरणों को अपनी दिशाओं के इर्द-गिर्द लपेट लिया और मैं यूरोप और अमेरिका की नर्म आंच की धूप-छांव पर बहुत हौले हौले नाच रहा हूँ। सब संस्कृतियाँ मेरे सरगम में विभोर हैं क्योंकि मैं ह्रदय की सच्ची सुख शांति का राग हूँ। बहुत आदिम बहुत अभिनव।"

किसी भी कार्य को करने के लिए या किसी स्थिति की निर्मिति के लिए उसके पीछे प्रेरणा शक्ति का होना अनिवार्य होता है। यदि हनुमान के पास जामवंत के रूप में प्रेरणा का स्रोत न होता तो वह अपने समय की परिस्थितियों से सामंजस्य न स्थापित कर पाते। इसी प्रकार महाभारत में यदि कौरव तथा पांडवों के स्वाभाव में भिन्नता न होती तो न महाभारत होता और न ही धर्म के पुनर्स्थापना की आवश्यकता। अतः यह कहा जा सकता है कि हर अवधारणा हर परिस्थिति की उत्पति के पीछे कोई न कोई घटक अवश्य होता है। इसी क्रम में सहअस्तित्व के लिए बहुसंस्कृतिवाद का होना आवश्यक होता है। सहअस्तित्व की भावना को बनाये रखने के साथ – साथ उसके निर्माण में भी बहुसंस्कृतिवाद की भावना होती है। यदि समाज में संस्कृतियों की बहुलता नहीं होगी तो उससे जुड़े द्वंद्व उत्पन्न नहीं होंगे, जीवनशैली में एकरूपता होगी जिसके परिणामस्वरुप व्यक्ति का जीवन खुशियों के स्थान पर निराशा तथा कुंठा से भर जायेगा। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और जीवन की विभिन्न स्थितियों के लिए समाज पर निर्भर है। ऐसे में यदि मनुष्य समाज की उपस्थिति में ही जीवित होगा तो वहाँ पर विभिन्न संस्कृतियों की उपस्थिति भी अनिवार्य है और इसी अनिवार्यता का परिणाम सामने आता है – सहअस्तित्व की भावना के रूप में।

इस क्रम में सबसे पहले हमें सहअस्तित्व और बहुसंस्कृतिवाद की अवधारणा के मूल को समझना होगा। सहअस्तित्व का सामान्य अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों, विचारों, मनुष्यों आदि का साथ में होना तो वहीं बहुसंस्कृतिवाद का अर्थ समाज में संस्कृतियों की बहुलता से है जिनमें परस्पर प्रेम तथा सौहार्द का सम्बन्ध हो। एक अवधारणा के तौर पर बहुसंस्कृतिवाद की संकल्पना अमेरिका तथा यूरोप में श्वेत संस्कृति के पक्ष में अन्य संस्कृतियों के समरूपीकरण के विरोध में प्रतिसांस्कृतिक व मानवाधिकारवादी आंदोलनों के द्वारा उत्पन्न हुई। बहुसंस्कृतिवाद की अवधारणा मेल्टिंग पॉट कल्चर की अवधारणा से इतर उत्प्रवासन से उत्पन्न 'सलाद के प्याले' (SALAD BOWL THEORY) सिद्धांत से सम्बंधित है जिसके तहत एक राष्ट्र के अंतर्गत विभिन्न संस्कृतियों/राष्ट्रीयताएँ/विचारधाराएँ अपने अलग-अलग रंगों के साथ अपनी पहचान बनाये रखती है| अतः यदि सामान्य रूप में हम बहुसंस्कृति की परिभाषा स्थापित करें तो विभिन्न धर्मों, लैंगिक रूप से विभिन्न प्राणियों,विचारधाराओं की अवस्थिति से लिया जा सकता है। एक सभ्य समाज सदैव ही अपनी सांस्कृतिक बहुलता के लिए जाना जाता है। आज के समय में जब विभिन्न देशों में धर्म का राजनीति में प्रभाव समाप्त हो रहा है तो बहुसंस्कृतिवाद की अवधारणा कुछ अमेरिकी (कनाडा,मैक्सिको) और यूरोपीय (नीदरलैंड,जर्मनी आदि) देशों की अधिकृत नीति का का भाग बनती जा रही है जो विभिन्न सांस्कृतिक समूहों के प्रति सामान व्यवहार व आदर की वकालत से लेकर उनके सामाजिक, भाषिक, आर्थिक और राजनैतिक हितों की सुरक्षा के साथ इस सांस्कृतिक विविधता को कायम रखने तथा प्रोत्साहित करने तक विस्तृत है।

सैद्धांतिक रूप में चार्ल्स टेलर, माइकल सैडर व मैकेंटाइर जैसे समाजशास्त्री बहुसंस्कृतिवाद को आवश्यक मानते हैं। सहअस्तित्व के लिए एक व्यापक एवं खुली सोच की आवश्यकता होती है और इस प्रकार की सोच का विकास विभिन्न संस्कृतियों के मिलन से ही सम्भव है। भारतीय सन्दर्भ में इसे देखे तो प्राचीन काल में द्रविण मूल भारतीय थे और आर्य पश्चिम एशिया से आये। प्रारंभ में इनमें टकराव रहा किन्तु धीरे-धीरे विचारों के आदान प्रदान से सामंजस्य स्थापित हो गया और आज वह दोनों समाज अपने अस्तित्व के साथ प्रासंगिक भी है। इस विचार की अनिवार्यतः सबसे ज्यादा भारत में ही नज़र आती है जहाँ कहा जाता है कि □कोस कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी□। टेलर अपनी पुस्तक 'दि पॉलिटिक्स ऑफ़ रिकग्निशन' में मानते हैं कि मनुष्य अपनी पहचान समाज में निर्मित करता है किन्तु सोच को विकसित और व्यापक करने के लिए बहुसांस्कृतिक समुदाय आवश्यक है। इन समुदायों के अभाव में व्यक्ति कट्टर एकांगी और नीरस होता जाता है। भारत जैसे बहुविविधता वाले राज्य में सहअस्तित्व और लोकतंत्र को बनाये रखने में बहुसंस्कृतिवाद और भी आवश्यक हो जाता है। इस ओर विचार करते हुए विचारक भीखू पारेख अपनी पुस्तक 'रीथिंकिंग मल्टीकल्चरलिज्म; कल्चरल डाइवर्सिटी एंड पॉलिटिकल थ्योरी' में राजनैतिक विकेंद्रीकरण

तथा लोकतंत्र के लिए बहुसंस्कृतिवाद को आवश्यक मानते हैं तथा उनकी संकल्पना को स्पष्ट करते हुए उसमें मानवीय गरिमा,सहिष्णुता और व्यवहारिक निष्पक्षता को प्रमुखता देते हैं जिससे समाज में सहअस्तित्व की प्रबल भावना विकसित हो।

सहअस्तित्व तथा बहुसंस्कृतिवाद के अभाव में संस्कृतियाँ इतिहास में तब्दील हो जाती है| इसका प्रमुख कारण होता है उनकी एकरूपता। इकबाल का शेर है –

" यूनान-ओं-मिस्र रोमा, सब मिट गए जहां से
कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी "

यह 'कुछ बात' और कुछ नहीं बल्कि सहअस्तित्व की भावना है जो भारतीय मल्टीकल्चरिज्म के कारण उत्पन्न हुई और भारतीय परम्परा का सतत पहलू बनी हुई है। इसके उदाहरण राष्ट्र के रूप में देखा जा सकता है। भारत में जहाँ व्यक्ति अपनी राष्ट्रीय पहचान को क्षेत्रीय पहचान के साथ धारण करता है वही अमेरिका जैसे राष्ट्र में मेल्टिंग पॉट कल्चर के कारण क्षेत्रीय पहचान तथा संस्कृति की समाप्ति हो जाती है और सहअस्तित्व की उत्पत्ति नहीं हो पाती है। राष्ट्र में सहअस्तित्व की धारणा विभिन्न वृहत विचारधाराओं, धर्मों और समाजों की उपस्थिति से फलीभूत होती है। यह प्रक्रिया एक परिवार के अंतर्गत भी देखी जाती है। परिवार में पिता की विचारधारा अलग होती है जो अपने प्राचीन सरोकारों को लेकर चलती है वही वयस्क पुत्र द्वारा आधुनिक सरोकारों से युक्त विचारों का पालन किया जाता है किन्तु तब भी पारिवारिक प्रतिमान सामान्यतः बने रहते हैं, दोनों मर्यादाओं का निर्वहन करते हुए अपने विचारों के सहअस्तित्व को बनाये रखते हैं। यही बात मित्रों के मध्य भी होती है। मित्र मंडली में सदैव विचारों में बहुलता होती है उसमें द्वंद्व भी होते हैं किन्तु सहअस्तित्व का भान सदैव बना रहता है। यह बात मात्र विचारों तक सीमित नहीं रहती है यदि मित्र विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के हो तो कट्टरपन का विकास नहीं हो पाता है जिससे समाज में सहअस्तित्व की भावना का प्राबल्य बना रहता है।

समाज में विविधता जितनी अधिक होती है वहाँ प्रत्येक संस्कृति अन्य की अपेक्षा अपना वजूद बनाये रखने का निरंतर प्रयास करती है, ऐसी स्थिति में सभी संस्कृतियाँ बची रहती हैं और साथ ही एक भावना उत्पन्न होती है – सहअस्तित्व की भावना।

सहअस्तित्व की भावना जहाँ भी उत्पन्न होगी वहाँ इस भावना के उदय के पहले बहुसंस्कृतिवाद के लक्षण निश्चित तौर पर प्रकट होंगे। प्रसिद्ध वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने सिद्धांत दिया – 'सर्वोत्तम की उत्तरजीविता का सिद्धांत' अर्थात जीवन के लिए शक्ति का संघर्ष। इस सिद्धांत के अनुसार जो शक्तिशाली है वह अपने जीवन की राह खोज ही लेगा चाहे जैसे भी हो। जंगल का उदाहरण ही लें तो मांसाहारी तथा शाकाहारी दोनों संस्कृतियाँ अपने जीवन की सुरक्षा के लिए मार्ग खोज ही लेती हैं और इसके साथ उदय होता है सहअस्तित्व का गुण। इस प्रकार मांसाहारी तथा शाकाहारी दोनों संस्कृतियों की उपस्थिति से ही यह गुण उत्पन्न हुआ। साहित्य लेखन के क्षेत्र में भी रचनाकार अपनी रचना को बहुसंस्कृतियों से युक्त करता है तभी उसमें प्रासंगिकता उत्पन्न हो पाती है। इसके उदाहरण के लिए 'गोदान' उपन्यास को ही ले लें तो वहाँ पर कृषक संस्कृति को निरुपित करने वाला 'होरी' भी है तो सामंती व्यवस्था के 'लाला मातादीन और पंडित' भी। वहाँ पुरानी चेतना से विरोध करता 'गोबर' भी है तो नवीन संस्कृति के 'प्रोफेसर मेहता और 'मालती' भी। इस प्रकार में गोदान में चित्रित यह बहुसंस्कृतिवाद ही पात्रों को आपस में संघर्ष के बाद भी जीवित रखता है और इस क्रम में सहअस्तित्व का गुण परिलक्षित होता है। इस गुण से ही समाज के प्रति गोदान की प्रासंगिकता बनी हुई है। यही उदाहरण महाकाव्य 'कामायनी' के द्वारा भी स्पष्ट है जहाँ वैज्ञानिक संस्कृति का प्रतीक 'इड़ा' मनुष्य संस्कृति का प्रतीक 'मनु' तथा आंतरिक चेतना की दृष्टि 'श्रद्धा' के माध्यम से बहुसंस्कृतिवाद को दिखाते हुए द्वंद प्रदर्शित किया है तो साथ ही उन सभी को सुरक्षित रखने के माध्यम से सहअस्तित्व का लक्षण। इस प्रकार विभिन्न संस्कृतियों की उपस्थिति ही सहजीविता का गुण उत्पन्न करती है।

बहुसंस्कृतिवाद ही है जिससे सहअस्तित्व का गुण आता है किन्तु इसके कुछ दुष्परिणाम भी होते हैं। बहुसंस्कृतिवाद की उपस्थिति में अनेक बार बहुसंख्यक वर्ग जिससे यह अपेक्षा रहती है कि अल्पसंख्यकों का ख्याल रखे, संस्कृति पर हमला समझ कर आक्रामक हो जाता है जिससे समाज अशांत होता है, दंगे होते हैं, सौहार्द और प्रेम का वातावरण समाप्त हो जाता है। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला होने के पश्चात आतंक के विरुद्ध युद्ध आरम्भ होता है जिसे इस्लामिक राष्ट्र इस्लाम के विरुद्ध युद्ध का नाम देकर उग्र हो जाते हैं और आतंकवाद एक लाइलाज बीमारी बन जाता है। इसी क्रम में एक और चिंता प्रसिद्ध विद्वान 'ब्रायन बैरी' ने अपनी पुस्तक 'कल्चर एंड इक्वेलिटी' में व्यक्त की है। वह मानते हैं कि बहुसंस्कृतिवाद चूँकि समुदाय कि सुरक्षा पर बहुत ध्यान देता है इसलिए इसके तर्क बाहरी पाबंदियों से समाज की हिफ़ाज़त की तरफ़दारी करते हैं किंतु आन्तरिक तौर पर व्यक्तियों पर प्रतिबन्ध का अधिकार दे देते हैं। इससे व्यक्तियों को आज़ादी के हनन का ख़तरा लगता है और वे आन्तरिक अस्थिरता भी कभी-कभी उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार सह-अस्तित्व के लिए अनिवार्य शर्त बहुसंस्कृतिवाद के साथ कुछ खतरे भी हैं उनका भी ख्याल रखना होगा।

बहुसंस्कृतिवाद ही वह शर्त है जो समाज में सहअस्तित्व के भाव की उत्पत्ति करती है। जहाँ भी बहुसंस्कृतिवाद होगा वहाँ पर सहअस्तित्व का भाव स्वतः ही आ जायेगा। राजनैतिक, लैंगिक सभी क्षेत्रों में यह लागू होता है। धर्म, विचार, संस्कृति आदि की जिस क्षेत्र में बहुलता होगी वहाँ द्वंद्व होगा तथा अस्तित्व की रक्षा का बोध होगा और सह-अस्तित्व का भाव उदित होगा। अतः निष्कर्ष रूप में ये कहना उचित होगा की सहअस्तित्व के लिए बहुसंस्कृतिवाद (चाहे जिस भी क्षेत्र में हो) अनिवार्य होता है।

आधुनिक साहित्य की भूमिका

अनिल श्रीवास्तव
कला स्नातक हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

किसी भी काल, वातावरण, स्थिति की सम्वेदना अपने पूर्ण वेग में तब आती है जब उस परिवेश के अतिग्रस्त नियमों का कुप्रभाव, समाज, जाति, धर्म, साहित्य इत्यादि पर फलित होना प्रारम्भ हो जाता है। समाज की विषमताओं को देखकर मनुष्य की छटपटाहट उसे क्रांति के लिए बाध्य कर देती है और यहीं से एक नया युग, नई चेतना, नये विचार और नये समाज की नींव स्फुटित होती है जिसकी जड़ें समाज के हर हिस्से में फैलना चाहती हैं। उसका ज्ञानरूपी प्रकाश हर जगह दैदीप्यमान होना चाहता है और लम्बी धारा के समान उसे युग युगान्तर तक पोषित करने का प्रयास करता है क्योंकि Alfred Lord Tennyson ने अपनी कविता The Passing of Arthur में लिखा है –

"One good custom should currupt the world."

मनुष्य की भावान्मुखी संवेदना, उसके जीवन जीने के नये प्रकार, समाज की व्यवस्था उसे नवीन साँचे में ढालने के लिए अग्रसर होती है क्योंकि प्रत्येक मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य खुद को समाज व परिस्थिति के अनुकूल बनाते हुए क्रांति के उदय पर होता है अन्यथा स्थिति में "डायनासोर" जैसे विशालकाय होने पर भी हम अपना विनाश स्वयं कर लेते हैं और जिराफ़ जैसे बनकर अपना बचाव। "पूर्वाग्रह और अतीत की रूढ़ियों, परंपराओं, नीतियों, सिद्धान्तों और कुचक्रों से बाहर निकलकर नये जीवन, नये समाज का निर्माण ही तो आधुनिकता है। " हम तब तक आधुनिक नहीं हो सकते जब तक हमारे विचार हम पर प्रबल न हो जाये और हम नये तर्कों का विकास न कर लें। इस बदलाव की धारा में हम अतीत को जरूर याद रखें और भविष्य की सुंदर कल्पना भी करें तभी आपका वर्तमान में बदलाव का मन्तव्य पूर्ण होगा और आप अपनी अस्मिता को पुरजोर अग्रसर कर पाएंगे। एक अंग्रेजी समीक्षक जे.एस. फ्रेजर. के अनुसार – "आधुनिकता को अपनी सुरक्षा के लिए अतीत से सम्बन्ध रखना चाहिए।"

बात जब हिंदी साहित्य के इतिहास पर आती है तो साहित्य इतिहास रूपी भवन का तीसरा स्तम्भ अर्थात नवीनता की प्रचुरता से ओत प्रोत आधुनिक युग, साहित्य लेखन के सिद्धान्तों को एक नई चुनौती देता है जहाँ मुख्य केंद्र में परम् ब्रह्म सत्ता नही है अपितु मानवीय जीवन की विषद पीड़ा, क्षोभ, दरिद्रता और स्वतंत्रता की अभिलाषा है। यहाँ मनुष्य की जिजीविषा उसके जीवन का मूल नहीं है कारण बस इतना है कि वह समाज की बेड़ियों से मुक्त होना चाहता है उससे जीवन के दुःखों को अब भोगा नहीं जाता है। वह भाग्य से ज्यादा कर्म में विश्वास रखता है, कर्म को ही जीवन का सार समझता है यहाँ मानवीय जीवन में असंतोष है वह जीवन के सारे रहस्यों को जानना चाहता है, परम् सत्ता को समझना चाहता है,"न की मेरियाना गर्त में पड़े रखकर अपने विचारों को दबाना चाहता है ।"

कवियों की भाषा में जीवन का यथार्थ झलकता है, क्रांति का भाव प्रस्फुटित होता है। अपने वैयक्तिक जीवन का चित्रण इतना भावपूर्ण करता है कि वह सामाजिक जीवन की इच्छाओं को दिखाता है। प्रकृति यहाँ नायिका का रूप धारण करती है तो उसका सूक्ष्म अंकन नखशिख वर्णन प्रतीत होता है। समाज की कुरूपता पर जब लेखनी चलती है तो नये उपमान, नये भावों का आविर्भाव होता है। जिसमे शंकर का अद्वैतवाद, रामानुज का विशिष्टाद्वैतवाद भी अछूता नहीं रहता है। कबीर की बोली और गिरिधर कविराय की कुंडलियां भी नए सन्दर्भों में देखती है। इस नवीन चेतना में समाज के हर उस पहलू को दृष्टिगत किया जाता है जो काव्य से उपेक्षित है, समाज ने जिसे स्थान नहीं दिया।

अंततः राजनीति, दर्शन इत्यादि को देखने का नज़रिया बदलता है तो स्त्री, दलित विमर्श जैसे मुद्दे इस ज्योति में घी का कार्य करते हैं। समाज की बदलती तस्वीर का उत्तरदायित्व अब इन्हीं मुद्दों के परिसर से निकलता है और वास्तव में यही अधुनिकता का स्वरूप है।

धूमिल : कल और आज

शैलेन्द्र गुप्ता
कला स्नातक हिन्दी (विशेष) द्वितीय वर्ष

नाम के उलट धूमिल जितने पहले की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों की विसंगति को प्रकाश में लाते हैं उससे कहीं ज्यादा आज की कोलाहल भरी विसंगतियां सहज ही उनको अपने में समेट लेती है। उन्होंने ब्रिटिश पराधीनता को और आज़ादी से पहले लोगों के दिलों में पनपते लघु स्वप्न जैसे रोटी, कपड़ा और मकान को भी देखा और स्वयं भी बुना है। देश के आज़ाद हो जाने पर लोकतंत्र नाम का एक ऐसा ढांचा बना जिसमें कागजों पर देश का विकास अनवरत रुप से होने लगा। उससे कहीं ज्यादा उसको चलाने वाले फलने फूलने लगे जो आज भी समाज में विद्यमान है। धूमिल ने न केवल उसको देखा बल्कि उसे अपने काव्य सृजन द्वारा मुँह तोड़ जबाब देने का भी जोखिम उठाया है-

"हाँ यह सही है कि
कुर्सियां वही है
सिर्फ टोपियां बदल गयी हैं। "

ये चंद पंक्तियाँ लोकतंत्र की कड़वी सच्चाई उजागर करती हैं। लोकतान्त्रिक सरकार जो आज़ादी नाम की कोयल मधुर गान के लिए लायी गयी थी उसने तो दादुर से भी मीठी और कोमल आवाज़ द्वारा लोगों को आँख-कान मूँदने पर विवश कर दिया जिसके चलते रोजाना सैकड़ों रामदास को यमराज की सभा में मंत्री बनने के लिए या तो चाकू नामक फल खाना पड़ता या बस, ट्रक और कार से भेंट करनी पड़ती या माताराती का उपवास करके अपनी बलि देनी पड़ती है-

" दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है
भूख हड्डियों में बज रही है।"

सत्ता फेरबदल के साथ इन सब चीजों में अभी भी जड़ता अपनी जड़ें तह तक बैठाए है और बदलने का नाम वैसे ही नहीं ले रही है जैसे चायनीज माल की बदलने की गारंटी कोई नहीं लेता अगर लेता है तो सिर्फ धोखेबाज। वैसा ही हाल राजनीति का हो गया है। आज के समय में आये दिन भूख, बीमारी और ग़रीबी के चलते और बढ़ते हुए वाद-विवादों के कारण न जाने कितने लोग मुत्यु की गोद में अमन की नींद लिये चिरकाल के लिए सो जाते हैं। मनुष्य नाम की चिड़िया अब अपनी ही जाति की चिड़िया का घोसला तोड़ने लगी और कुछ लोग इसका मज़ा तीतर बटेर के दंगल की तरह ले रहे हैं। इस कारण धूमिल लिखते हैं-

"न कोई प्रजा है
न कोई तंत्र है
यह आदमी के खिलाफ
आदमी का खुला
षड्यंत्र है"

जब जनता जनता न रहकर भीड़ का रूप ले लेती है तब न जाने कितना नुकसान कर देती है। इस कारण लेखक की तलाश समाज में ऐसे आदमी के लिए होती है जिसमें मानवता हो, जो सुसभ्य हो। जो सभी को समान नज़र से देखता हो। इस राह पर कवि मोचीराम की कल्पना कर एक ऐसे ही व्यक्ति का निर्माण करता है जो दूसरों को एकसमान नजर से देखता है परंतु अन्य सभी उसको अलग-अलग नजर से देखते हैं। फिर भी मोचीराम अपने अंदर के आदमी के जिंदा रखने के लिए तैयार है। कवि कहता है- "मेरी निगाह में/ न कोई छोटा है/ न कोई बड़ा है"

आज के दौर में आदमी व्यवसाय में पड़कर मानवता के सभी उसूल तक झटके में तोड़ देता है। वह पैसा कमाने के लिए अपने परिवार जन से भी फरेब कर देता है। वह यह नहीं सोचता कि वह भी मानव है जिसके साथ अन्य लोग भी अनैतिक कार्य कर सकते हैं। इसी कारण वह कहता है –

"फिर भी मुझे ख्याल रहता है कि
पेशेवर हाथों और फटे जूतों के बीच
कहीं न कहीं एक आदमी है"

फिर कैसे मान लिया जाए कि आज साहित्य के गगन में धूमिल नाम का उग्र तारा धूमिल हो गया। नहीं, आज फिलहाल वह मूर्त नहीं है फिर भी सड़क से लेकर संसद तक वह नजर आ ही जाता हैं।आज के दौर में धूमिल कल से ज्यादा आज प्रासंगिक हैं।

प्रेम

आशुतोष चौबे
कला स्नातक हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

प्रेम ज्ञान है, अभिमान है, दो दिलो का सम्मान है।
प्रेम युक्ति है, मुक्ति है, आत्मा की अनुरक्ति है।
प्रेम दीपक है, लौ है, मंडराता हुआ पतंगा है।
प्रेम नाला है, हिम है, बहती हुई गंगा है।
प्रेम वेद है, ग्रन्थ है, खुली हुई किताब है।
प्रेम नफरत है, चाहत है, मिलने को बेताब है।
प्रेम कविता है, भाषा है, साहित्य का अनुदान है।
प्रेम गुण है, अवगुण है, सबका ईमान है।
प्रेम गायन है, वादन है, बिखरा हुआ अनुशासन है।
प्रेम बेहया है, बेशर्म है, सबसे बड़ा खुदगर्ज है।
प्रेम सबका सबके ऊपर एक अज्ञात सा क़र्ज है।
प्रेम नवजात है, जवान है, बूढ़ी सी काया है।
प्रेम सत्य है, सुन्दर है, सबसे बड़ी माया है।
प्रेम कर्म है, धर्म है, दो दिलों का मर्म है।
प्रेम निर्लज्ज है, लाचार है, शर्मीलों की शर्म है।
प्रेम पूजा है, अजान है, लाल रंगी परिधान है।
प्रेम भावना है, भक्ति है, अरि से अपमान है।
प्रेम शत्रु है, मित्र है, सबको बनाने वाला है।
प्रेम नशे में पड़े व्यक्ति की सबसे बड़ी मधुशाला है।

दृश्य चिंतन

अमन प्रताप सिंह
कला स्नातक हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

कला दृश्य का एक खूबसूरत चिंतन है
लिप्त है जो यथार्थ और सम्वेदना में
जिसका रस निर्मित है बेढंगे फूलों से
और चमक प्रतिबिंबित है अंधेरे की लौ से

एक प्रयास है
उस नग्नता को उकेरने का
रात में जलती सिगरेट के धुंए जैसा
उपस्थिति की ताक में है
शायद हर पहलू
लेकिन कागज में रिक्त स्थान कम शेष है

प्रश्न ये है कि पहले किसे परोसा जाए?
सत्ता की गिरगिटी तस्वीर को!
भुखमरी!
अश्लीलता के सौन्दर्यबोध को!
या फिर किसी स्वघटित प्रेम के प्रलाप को!

दृश्य चिंतन की कहानी सत्ता के लोलुपों से तय है
तो पहले सामयिक धरातल की नब्ज को टटोल ले
प्रेम का विषय तो खुद तक सीमित रह जायेगा
पर सत्ता दृश्य सार्वजनिक होने जरूरी है।

प्रेमिका के प्रेम पत्र

सार्थक दुबे
कला स्नातक हिन्दी (विशेष) द्वितीय वर्ष

स्मृतियाँ भी आकाश में विलीन हो जायेंगी
और बनायेंगी तारामण्डल
उसके स्पर्श से बनेगें अटूट और निश्चल तारे
और उसका चुम्बन लेगा ब्रह्मांड में सूर्य का रूप
और उसके आँखों का प्रकाश प्रस्फुटित होकर बनायेगा आकाशगंगा
और मैं निपट अकेला दूर से ही देखता रह जाऊँगा तुम्हारे प्रेम पत्रों को ।

फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

केशव
बी.एससी. रसायन विज्ञान तृतीय वर्ष

जी हाँ, हम बदले से लगने लगे थे
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

चले तो ये सोचकर थे
कि नौकरी लग गई थी
अब तो हर एक समस्या
की छुट्टी हो गई थी।
पर शायद ये छोटी उम्र
धोखा कर गई थी,
जो हक़ीक़त से हमें
बहुत परे ले गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

ये रेलगाड़ी घर से दूर
तो ले ही गई थी,
साथ में सुखों का मंज़र
भी छीन ले गई थी।
ये रूह घर की असीमित
सीमा छोड़ गई थी,
और नयी चारदीवारी में
जाकर फँस गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

आंखें जो पहले 4 बजे
बंद हुआ करती थी
उस वक़्त अब वो
खुलने लग गई थी।
उठते ही जहां फ़ोन की
स्क्रीन हाथ आती थी,
अब पी.टी. यूनीफॉर्म
आने लग गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

कभी दाढ़ी व बालों की
अपनी स्टाईल हुआ करती थी,
अब क्लीन शेव व मूँछें ही
दिल छूने लग गई थी।
कभी खूबसूरत सुन्दरियां
आकर्षित करती थी,
अब केवल राइफल ही हमारी
माशूका हो गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

फटी हुई जीन्स को जो हम
फ़ैशन समझा करते थे,
वह अब जिस्मानी वर्दी में
परिवर्तित हो गई थी।
लोफर जूतों की जो
आवारगी हुआ करती थी,
वह अब सिर्फ़ एंकल बूट
बनकर रह गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

जहां मोटर गाड़ी अपने साथ
कॉलेज भ्रमण कराती थी,
वह अब परेड ग्राउंड की
ख़ूबसूरती मात्र हो गई थी।
जहां कानों में माँ की
मधुर ध्वनि गूँजती थी,
अब तो वह सिर्फ
परेडतेज़ चल! हो गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

जहाँ यो यो हनी सिंह की
बोली जुबां पर रहती थी,
अब चिट्ठी आयी है की बोली
शांति देने लग गई थी।
जहां सनी देओल की बॉर्डर
भावुक कर देती थी,
अब उरी में ख़ुद की
छवि दिखने लग गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

दिन में दोस्तों संग घूमने की
मस्ती जो हुआ करती थी,
अब तो वह बदल कर
डे रूट मार्च हो गई थी।
नाइट आउट की अक्सर
जो प्लानिंग हुआ करती थी ,
वह नाइट रूट मार्च में
तब्दील हो गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

वो राखी जो बहन अपने
हाथों से बाँधा करती थी,
वह अब स्पीड पोस्ट से
पहुंचने लग गई थी।
माँ जो कभी अपने हाथों
से खाना खिलाया करती थी,
अब मात्र एक झलक पाने
को तरस गई थी ;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

होली जो कभी रंग-बिरंगे
रंगों की हुआ करती थी,
अब ख़ूनी रंग लाल
रंग की हो गई थी,
दीपों व पटाखों की
दीपावली जो होती थी,
अब बारूद व बमों की
बनकर रह गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

जिन जगहों का सिर्फ
नाम भर सुनते थे,
आज वहां पोस्टिंग
होने लग गई थी।
जिस कीचड़ को देख
नाक बंद करते थे,
वही पर सज़ा-ए-फ्रंटरोल
शुरू हो गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

रात भर बाहर रहने पर
भी कोई फ़िक्र ना होती थी,
अब घर छोड़ते वक़्त बार-बार
मौत आने लग गई थी।
ये रूह बच्चे की तरह
तुरंत रोने लगती थी,
अब चाहकर भी फोन पर
चुप रहने लग गई थी;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

हर रिश्ता निभाने के लिए एक
इंसान की मौजूदगी होती थी,
आज साथी की मौजूदगी ही
सब कुछ हो गई थी।
जिस घर की छत के नीचे
हमारी जान होती थी,
आज वो जान उसे छोड़कर
नए घर में चली गई थी;
क्यूँकी फ़ौजी बनना कोई, आसान बात नहीं थी।

जी हाँ हम बदले से लगने लगे थे;
क्योंकि फ़ौजी बनना कोई आसान बात नहीं थी।

खुशी

श्री कृष्णा यादव
कला स्नातक हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

इतना भी मदहोश ना हो इस खुशी में
कि जानें गवां दे यूं ही बेरुखी में।

छूटेंगे गोले बारूद और तमंचे इस जश्न पर
अपना घर भी ना जला दें इस खुशी में।

किए हैं जो भी वादें अपनों से पूरा करने की
उसे भी निभाना है अभी बाकी

बिगड़ेंग-बनेंगी सरकारें बार-बार
बितायें जिंदगी के पांच साल यूं ही खुशी में।

ना है वैमनस्य किसी भी ऐसे राजनेता से
जो शपथ ले अखंड भारत की
क्योंकि हमारी खुशी भी शामिल है

इस देश की हर खुशी में।

पूर्णता

नीतेश 'प्रज्ञान',
एम.ए. (हिंदी) पूर्वार्द्ध

अपेक्षाओं और संभावनाओं में,
पूर्णता की तलाश,
आमंत्रण है रीतेपन का,
प्रेम पूर्ण इकाई है।
संबंधों का वस्तुनिष्ठ होना,
अधूरेपन का विस्तार है।

मानवता या प्रदर्शन

श्री कृष्णा यादव
कला स्नातक हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

कैसी विडंबना है इस देश की
जहां ना हो सही से कपड़े
ढ़कने के लिए तन को
ना हो कोई आसरा
रात गुजारने के लिए
जहां पड़ रहे हो लाले खाने को
भूखे सो रही हो जनता एक उम्मीद के साथ
हो सकता है कल कुछ मिले
और जिस जनता ने दिए हैं राजस्व
अपने पेट काट-काट कर
उन अपार संपत्तियों को संस्कृतियों
और भव्यता प्रदर्शित करने के नाम पर खर्च करना
जो कुछ क्षण के बाद हो जाती है गायब
उसको तवज्जो देना कितना है ज़ायज
काश! संवर सकती थीं न जाने कितने मजबूरों की जिंदगी
खड़ा हो सकते मजबूती से
जल सकते थे ना जाने कितने दीपक
उन अंधेरे घरों में
जो जलाये थे हमने बिना किसी प्रयोजन के
देते हमें कुछ ना कुछ प्रतिफल वे अवश्य
केंद्र में होने का क्या है वजूद
जो आज भी जा रहा है नाकारा
कहां का न्याय है यह हमारा
जो न बन सके दुखियों और असहायों का सहारा।

अतीत

अंतरिक्ष श्रीवास्तव
कला स्नातक हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

मैं झट पट उठा और सुबह की नींद को अपनी
उंगलियो से मसल कर भगाने लगा
उस सुबह की पहली किरण जैसे बाबू की
विदाई का समाचार दे रही हो
उनकी साँसे पहाड़ी इलाके में आए किसी बर्फीले तूफान की सनसनाहट सी थी
बायें हाँथ की रक्त धमनियों को अपनी चाल
से तेज़ चलने का अनुभव कर रहा था
और मस्तक पर नाक की सीध में हरी धमनियों में कुछ कहने की बैचेनी को पढ़ रहा था
असहनीय दृश्य ने मेरी आँखों के अंदर की पीड़ा को अश्रुधारा के रूप में बाहर निकाला
तब मेरा ध्यान परिवार की विभिन्न दशाओं पर गया जिन्हें मैंने आज तक नही देखा था
ये तबाही मेरे जीवन में नागासाकी और हिरोशिमा के परमाणु विस्फोट से कम नहीं थीं
क्योंकि चले गए थे उनके भी आगामी स्वप्न
बाबू के चले जाने के बाद
मन तो हुआ मैं भी एक पत्र लिखूं लेन्चो
की तरह उस ईश्वर को
पारिवारिक मदद का नही बल्कि उपहार में
पिता स्वरूप बड़े भाई के होने का।
जो अकेले ही लड़ते रहे जीवन की कठिनाइयों से
जैसे लड़ता है हर रोज़ हिमालय बर्फीली आँधियों से,
कर लूंगा सपनो को पूरा अपने
आशा ही नहीं विश्वास भी है,
निरंतर बढ़ता रहूंगा अपने पथ पर
बची जब तक शरीर में एक सांस भी है।
अगर भूल गया मैं अपने पिछले वक्त को
एक भाई द्वारा निभाये अपने कर्तव्य को
उठाना पड़ जाएगा उन्हें बोझ
जीवन भर मेरी गद्दारी का
मिल जायेगी सजा एक भाई को
उसकी समझदारी का।

मेरी आशाएं

मिनल ठवरे
कला स्नातक द्वितीय वर्ष

आशा है एक आशा है,
बचपन की एक आशा है,
आशा है कुछ कर दिखलाने की,
पत्थर को स्वर्ण बनाने की,
सागर से मोती को लाने की,
खुद के पंख लहराने की,
आशा है मेरी आशा है।

कुछ अपनी है कुछ मां पापा की,करना जिसको पूरी है ,
काटों पर चलकर खिलना है,
जुगनू की तरह चमकना है ,
धरती को रोशन करना है ,
सबसे परे निकलना है,
आशा है मेरी आशा है।

आशा हो तो ऐसी हो जिसमें,
निराशा की कभी बात न हो ,
हर क्षण आशा ही आशा हो,
ज्ञान का दीपक जलाने वाली हो ,
संसार की कटुता हटाने वाली हो,
आशा है मेरी आशा है।

कण- कण में स्नेह व्याप्त हो ,
हर पल खुशी का रंग प्राप्त हो,
न नफरत हो न युद्ध हो,
बस अनुराग के स्वर की पुकार हो,
आशा है एक आशा है,
बचपन की मेरी एक आशा है।

मां तुम बहुत याद आती हो।

हर्षिता अग्रवाल
बी.एससी. भौतिक विज्ञान (विशेष) द्वितीय वर्ष

मां तुम बहुत याद आती हो।

झगड़ आती हूं किसी से भी
लेकिन कोई समझाने वाला और मनाने वाला नहीं होता।

बीमार पड़ने से भी कोई फायदा नहीं है यहां
कोई ख्याल ही नहीं रखता।
तुम साथ हो तो बीमारी बोझ नहीं लगती
अरसों से वो बचपन वाली बुखार नहीं चढ़ता
जब तुम दिन भर नए नए उपाय ढूंढ लेती थी
और दो दिन में मेरे बेजान शरीर में जान फूंक देती थी.

तुम साथ तो कोई फ़िक्र नहीं सताती,
तुम दूर हो तो अब हर बात फोन पर नहीं कही जाती,
क्योंकि तुम डर जाती हो, घबरा जाती हो,
किसी को कहती नहीं पर अंदर से टूट जाती हो।

तुम यहां नहीं हो तो कोई नहीं टोकता,
कब आओ कब जाओ कुछ खाओ या भूखे सो जाओ कोई भी नहीं सोचता,
कोई भी ठंडा पानी पीने से नहीं रोकता,
मेरी छोटी छोटी नादानियों को कोई नहीं देखता।

क्योंकि सब के पास कुछ काम है, सब व्यस्त है।
एक तुम ही तो हो जो व्यस्तता के क्षणों में भी मेरी आवाज़ से सब पहचान जाती हो।
मेरे हर गुस्से का कारण मेरी भूख को बताती हो,
ऐसा कह कर तुम मुझे ज्यादा खाना खिलाती हो,
प्यार से थपथपा कर अपनी गोद में सुलाती हो,
अदरक वाली चाय से नींद को उड़ाती हो,
प्यार के इस तेज से गुस्से को भगाती हो।

लेकिन सिर्फ मुझे समझाती रहती हो,
खुद हमेशा ज्यादा चीनी खाती रहती हो,
कहती हो की भूख सही नहीं जाती,
कभी पापा के लिए तो कभी हमारे लिए दिन भर भूखी रह जाती हो।

खुद दवाइयां नहीं लेती हो वक्त पर
मुझे दवाइयां फोन कर के याद दिलाती हो,
मै बीमार हूं तो मुझे बिस्तर से उठने नहीं देती,
खुद बीमार हो तो भी पूरे घर में चक्कर लगाती हो।

सौ दुख होंगे तुम्हारी ज़िन्दगी में,
लेकिन सिर्फ मुझे हंसता देख तुम खिलखिला जाती हो।

क्यों यूं मुस्कुरा जाती हो?
कहां से इस हृदय में प्रेम के साथ त्याग ले आती हो?
कैसे बिना कुछ कहने पर भी सब जान जाती हो?
तुम शायद सभी के लिए कुछ भी नहीं हो
लेकिन मेरे लिए मेरी प्रेरणा हो,
मेरी प्रतिस्पर्धा हो,
मेरा हौसला हो,
मेरी जीत हो, मेरी हार हो,
मेरी खुशी हो,
मेरी कविता हो,
मेरी भावनाएं, अल्फ़ाज़ और आवाज़ हो,
मै, मैं हूं ही नहीं,
सिर्फ नाक नक़्शा एक जैसा नहीं है हमारा,
मेरे अंतर से ज़्यादा बाहर धड़कता है मेरा दिल,
क्योंकि ये तुम्हारे आस पास धड़कता है।

तुम घर में नहीं हो, घर तुमसे है, घर तुम ही हो,
तुम आईना हो, तुम में खुद को देखती हूं।
तुम दुनिया हो मेरी,
तुम सब सब सब कुछ हो मेरा।

हक़ीक़त

प्रज्ञा गंभीर
बी. एससी. रसायन विज्ञान प्रथम वर्ष

रोज़ ही उन रास्तों से मैं गुज़रती थी
रोज़ कुछ चीजों को अनदेखा कर शाम ढलती थी।
उस राह से कुछ मोहब्बत सी हो गयी थी।
उस ढलती शाम की आदत सी हो गयी थी।
वो दिन शायद खुदा ने बड़ी फ़ुर्सत में लिखा था,
अचानक नया सा

एक चेहरा दिखा था।
आँखें नम थी, सिसकियाँ भर रहा था।
तन्हा बेसहारा, कुछ खुद में घुट रहा था।
उसके आँसूं मुझसे उसका हर गम कह गये,
ज़रूर बात कुछ बड़ी थी, जो वो यूँ बह गये।
आँसू पोंछ उसके पास जा बैठी।
उसकी बातों में खुद को खो बैठी।

हर मुमकिन कोशिश थी,
कि उसके चेहरे पर वो मुस्कान लौट आए।
जो गुम हो गयी तन्हाई में
वो मासूमियत लौट आएं।
रोज़ ढलती शाम, उसका साथ और बातें हज़ार होती थी।
उसकी हल्की मुस्कुराहट भी मेरे लिए बहार होती थी।

दिन दोपहर शाम या रातें,
हर वक़्त बस उसकी ही बातें,
उसके साथ देख मुझे, मेरी सहेलियाँ ताने मरती थीं।
आखिर हमारी दोस्ती को वो न समझती न जानती थी।

कुछ वो कहता, कुछ मैं भी,
हर कही बात याद है आज भी,
बात करते करते कब रात हो जाती थी।
पता ही नही चलता था, कब मैं सो जाती थी।

वो चुप चाप चला जाता था।
कभी रोक ही नहीं पाती थी उसे
आखिर रोकने का क्या हक़ था मुझे?

कई दिन, महीने, बीत गए कई साल,
बस उसके चेहरे से जान जाती थी हाल,
मुस्कुराहट हल्की हल्की थी, बढ़ने लगी,
पर तन्हाई उसकी कि घटती नहीं,
उस रात दिल शायद समझ गया था,
इस बार वो गया तो लौट कर न आएगा,
ये रास्ता उसे बहुत दूर ले जाएगा।

दौड़ कर उसकी ओर गयी,
'सारे गम हर तन्हाई को मिटाना है
हाथ थाम लो मिरा, अभी बहुत दूर तक जाना है।'
फिर क्या होना था, हकीकत समझ आयी,
मेरी मुस्कुराहट में उसे नई ज़िन्दगी नज़र आयी,
मैनें भी जाना, मोहब्बत न उन राहों से थी,
न ही उस ढलती शाम से,
मोहब्बत हो गयी थी, उस शख्स बेनाम से।

हिन्दगी है जिन्दगी

नितेश कुमार पाण्डेय
कला स्नातक हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

उत्थानों के परम् शिखर पर चढ़ती जाती
फिर हिंदगी कहलाती हूँ,
चैतरफा दबावों के बीच भी मैं
हर कसौटियों पर उतर जाती हूँ।

साहित्य की संबद्धता का प्रतिमान कहलाती
मानव को संवेदनशील बनाती हूँ,
समाज के जटिल ताने-बाने संरचित कर मैं
प्रगतिशीलता धारण कराती हूँ।

रूढ़िवाद और स्थितिवाद का खंडन कर मैं
एकता का पाठ पढ़ाती हूँ,
एकसूत्र में राष्ट्र को बाँधें
वांछनीय परिवर्तन करती जाती हूँ।

समाज का तटस्थ दर्पण कहलाती हूँ
भारत-भारती और कामायनी जैसी रचना देकर,
पराधीनता के इस युग में भी
क्रांति का आह्वान कराती हूँ।

आदर्श समाज के निर्माण हेतु मैं
प्रतिमान उपलब्ध कराती हूँ,
संक्रमण के दौर में भी
समाज को चेतनशील बनाती हूँ।

विसंगति का जब दौर आया तो
कबीर तुलसी ने हिंदी का गुणगान किया
तब सूर और मीरा ने भी
हिंदगी का रसपान किया।

नैतिकता के पतन का दौर चला तो
भूषण और गिरिधर ने मेरा ध्यान किया
तो रहीम रसखान केशव ने भी
भक्तियुग का पुनः आह्वान किया।

कला,संस्कृति, इतिहास को संरक्षित करती
विरासत की रक्षक सिद्ध होती हूँ
मेरे अस्तित्व का सवाल उठा तब
रामचंद्र को दिव्य-दृष्टि मैं देती हूँ।

दुनिया सारी देख रही है
हिन्द देश की ये हुंकार
विश्व पटल पर गूंज रहा है
जय हिंदी जय हिंदी का नारा।

हमने यह संकल्प लिया है
भारत माँ का मान बढाएंगे
जिस भाषा ने हमको सम्पन्न किया है
उसे ही राष्ट्रभाषा हम बनाएंगे।

सर्वश्रेष्ठ है हिंदी अपनी
हिंदगी को ज़िंदगी बनाएंगे
जीवन-आधार बनाकर इसे हम
भारत को जगद्गुरु बनाएंगे।

कौन हूँ मैं ?

नितेश कुमार पाण्डेय
कला स्नातक हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

हंसराज हूँ मैं
क्या अब अनजान हूँ मै
ये मत भूलो तुम गौरवशाली इतिहास हूँ मैं
इस देश की शान हूँ मैं

सात दशकों का इतिहास हूँ मैं
अभिनेताओं की फैक्ट्री, कवियों की शान हूँ मैं
नेताओं की जन्मभूमि
छात्रसंघ का अभिमान हूँ मैं

माँ सरस्वती का गृहवास हूँ मैं
महात्मा हंसराज की संतान हूँ मैं
दिल्ली विश्वविद्यालय का शाह हूँ मैं
शाहरुख खान ,अनुराग कश्यप ,नवीन जिंदल
ऐसे तमाम सितारों का जन्मदाता हूँ मैं

लाखों छात्रों का भविष्य
सपनों का आसमां हूँ मैं
इस मिट्टी से दुनिया में
प्रतिभाओं की धारा बहाता हूँ मैं

विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने वाला हूँ मैं
उच्च योग्य शिक्षाविदों के साथ
साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में
उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक प्रतिष्ठा प्राप्त करता हूँ मैं

विज्ञान, वाणिज्य और कला में
देश के शीर्ष दस कॉलेजों के बीच
नियत किया गया हूँ मैं
पारंपरिक भारतीय मूल्यों को सुनिश्चित करता हूँ मैं

शरीर, मन और आत्मा का
पूर्ण विकास सुनिश्चित करता हूँ मैं

स्थानीय स्तर पर और विश्व स्तर पर
विस्तार और खोज जारी रखता हूँ मैं

एक ज्ञान नेता और सामग्री प्रदाता हूँ मैं
ज्ञान, संस्कृति, कौशल, प्रौद्योगिकी,अनुसंधान और सेवा का
वैश्विक उपरिकेंद्र बनने के लिए
रणनीति तैयार करता हूँ मैं

शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाता हूँ मैं,
सांस्कृतिक मेलों के लिए
ज्ञान प्रदान के लिए
समग्र शिक्षा प्रदान करता हूँ मैं

शिक्षा के प्रसार द्वार
परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता हूँ मैं
अज्ञानता और अशिक्षा के
कोबवे को दूर करता हूँ मैं

जो नैतिक रूप से ईमानदार है
मानसिक रूप से अच्छी तरह से हो विकसित
और सांस्कृतिक रूप से निपुण हैं
ऐसे व्यक्तियों का विकास करता हूँ मैं

अंधविश्वासों और बाल विवाह
जाति प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा
लिंग पक्षपात, क्षेत्रवाद आदि जैसे
अंधविश्वासों के खिलाफ धर्मयुद्ध करता हूँ मैं

सामाजिक कल्याण के प्रति
व्यक्तियों को संवेदनशील बनाता हूँ मैं
राष्ट्र और समाज के कमजोर वर्गों की
देखभाल करता हूँ मैं
कौन हूँ मैं तेरा, वह हंसराज हूँ मैं।

नारी की पूजा

कीर्ति कश्यप 'तेजस'
बी.एससी. रसायन विज्ञान प्रथम वर्ष

आज क्षितिज से फिर पृथ्वी पर अग्निशिरा छूटा है
महाप्रलय लाने को मानो जैसे कोई अम्बर टूटा है।

कुरुओं की भरी सभा में याज्ञसेनी न्याय न्याय चिल्लाती है
आर्यों को लज्जित देख हार कान्हा को आवाज़ लगाती है।

कृष्णा की पुकार सुनकर तब कृष्ण स्वयं ही आते हैं
ज़ख्म की पट्टी के हर धागे का ऋण आज चुकाते हैं।

खुले केश रक्तिम आभा प्रतिशोध की ज्वाला दहक रही
वस्त्र समेटे कल्याणी कुरुओं की सभा में बिलक रही।

भीष्म, द्रोण, कृप, विदुर समेत धृतराष्ट्र मौन रह जाते हैं
कुल की मर्यादा को जब बाहरी वेश्या कह कर बुलाते हैं।

न्याय की आशा छोड़ो तेरे अपने सारे झुके हुए हैं
कुरुओं की राज्य सभा के सारे मस्तक बिके हुए हैं।

शीश उठाओ कल्याणी तेरे चरित्र का उत्थान हुआ है
लज्जित धूमिल तो आज कुरुवंश का नाम हुआ है।

वीर भवानी का खप्पर ले जागो हे महारानी तुम
अपनी रक्षा करने को आओ फिर हे समरागिनी तुम।

शब्दों के बाणों को छोड़ काली को फिर खड्ग उठाने दो
पापियों के सर्वनाश के लिए फिर महासमर ठन जाने दो।

इतिहास गवाही देता जब भी नारी का अपमान होता है
हर बार महासमर में तब मृत्यु का ताण्डव होता है।

पुरुषों से आशा छोड़ो ये खुद को हार जायेंगे
जो खुद को नहीं बचा सकते वो क्या तुझको बचाएंगे।

नारी को लज्जित होता देख न कभी मौन तुम रहना
नारी गृहस्थ की आभा है नारी भारत का है गहना।

आओ फिर प्रण ले कि नारी को अपमान न सहने देंगे
जो करें नारी का अपमान उसे दुनिया में न रहने देंगे।

आशा करो पूरी मेरी अब तेरा ध्यान मैं धरता हूँ
अपनी रक्षा की आशा भी अब तुझसे मैं करता हूँ।

धर्म

ऋषभ शर्मा
कला स्नातक हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष

मस्जिद की नींव रखकर मंदिर में ईंट लगता है
वो एक ही कारीगर है जो मंदिर-मस्जिद बनाता है।

हिंदुस्तान को सम्प्रदायों में बांटने वालों सुन लो तुम
वो ही दर्जी ख़ुदा की चादर, भगवान के वस्त्र बनाता है।

एक कहता है धर्म, एक इसे दीन कहता है
कोई इसे कहता हिन्दू, कोई मुसलमान कहता है।

दोनों धर्मों के लोगों में भ्रम फैलाने वाले सुनो
कोई उसे ही अल्लाह, कोई भगवान कहता है।

मुस्लिम कहे रहीम, हिन्दू राम नाम जपता है
हिन्दू गाते हैं भजन, मुसलमान अजान सुनाते हैं।

दोनों धर्मों के ग्रंथों में अंतर नाम का ही होता है
वरना कोई इसे गीता और कोई इसे क़ुरान कहता है।

राजनीति

कीर्ति कश्यप 'तेजस'
बी.एससी. रसायन विज्ञान प्रथमवर्ष

ज़मीन जल चुकी है, आसमान बाकी है
सूखे हुए कुएँ तुम्हारा इम्तिहान बाकी है।

वक़्त आने पर तुम सूखी जमीन पे बरसना जरूर ऐ मेघ,
